16-JUNE-JANJ BHOMMI PG-01_Layout 1 6/16/2024 9:35 PM Page 1


हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 17 जून 2024

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती


तापमान

अधिकतम 38.0 डिग्री

न्यूनतम 29. 0 डिग्री


4 बच्चों के समग्र विकास के लिए समर कैम्प लगाकर दी गई जानकारी




## खबर संक्षेप

### कन्या क्रीड़ा परिसर में प्रवेश परीक्षा के लिए फार्म का वितरण 20 से

**सक्ती।** शासकीय अनुसूचित जाति कन्या क्रीड़ा परिसर चिस्दा में वर्ष 2024-25 के लिए प्रवेश परीक्षा फार्म का वितरण 20 जून से प्रारंभ होगा। आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग रायपुर छत्तीसगढ़ के द्वारा जिला सक्ती में संचालित 100 सीटर अनुसूचित जाति कन्या क्रीड़ा परिसर में रिक्त 52 सीटों के विरुद्ध प्रवेश प्रक्रिया होगी। प्रवेश फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 30 जून तक है। प्रवेश परीक्षा 27 जून से 28 जून को कन्या क्रीड़ा परिसर चिस्दा में सुबह 9 बजे से शारीरिक दक्षता का मूल्यांकन कर प्रवीणता के आधार पर खिलाड़ी छात्रों का चयन किया जाएगा। चयन परीक्षा माध्यमिक स्तर की छात्राओं के लिए अधिकतम 14 वर्ष 31 दिसंबर की स्थिति में एवं उच्चतर माध्यमिक स्तर के छात्राओं के लिए अधिकतम आयु सीमा 18 वर्ष की आयु होना अनिवार्य है। चयनित छात्राओं को शासन की ओर से खेल परिसर में निःशुल्क आवास, भोजन, छात्रवृत्ति, खेल पोशाक प्रदान की जाएगी। खेल विधा खो-खो, हेण्ड बॉल, व्हालीबॉल, सॉफ्ट बॉल तथा एथलेटिक्स होगी।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका के पद पर भर्ती के लिए आवेदन 24 तक

**जांजगीर-चांपा।** एकीकृत बाल विकास परियोजना नवागढ़ जिला जॉजगीर-चाम्पा में ग्रामीण क्षेत्र अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका हेतु 24 जून तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। परियोजना अधिकारी बाल विकास परियोजना नवागढ़ ने बताया कि ऑगनबाड़ी केन्द्र बरभाठा में कार्यकर्ता पद एवं आंगनबाड़ी केन्द्र तेन्दुआ (कुरियारी) में कार्यकर्ता एवं सहायिका पद हेतु 24 जून 2024 तक इच्छूक अभ्याथियों से आवेदन कार्यालयीन दिवस एवं समय पर 10 बजे से सायं 5 बजे तक कार्यालय परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना नवागढ़ में स्वयं अथवा पंजीकृत डाक से आवेदन आमंत्रित किया गया है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

### प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** भारत सरकार महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले बच्चों को राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित करने हेतु प्रत्येक वर्ष प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार आयोजित करती है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि 31 जुलाई की स्थिति में 5 वर्ष से अधिक एवं 18 वर्ष से कम भारतीय निवासी जो भारत में रहता हो जिन्होंने बहादुरी, खेल, सामाजिक सेवा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पर्यावरण कला, संस्कृति एवं नवाचार के क्षेत्रों में असाधारण योगदान दिया है। जो राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता के पात्र है को यह पुरस्कार प्रत्येक वर्ष की भांति जनवरी में आयोजित होने वाले एक विशेष समारोह में माननीय राष्ट्रपति द्वारा नई दिल्ली में दिया जाना है। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 के लिए आवेदन प्राप्त करने का पोर्टल में 1 अप्रैल से लाइव कर दिया गया है। कोई भी बच्चा जिसकी आयु 5 वर्ष से अधिक है और 18 वर्ष से अधिक नहीं है जो भारतीय नागरिक है और भारत में रहता है, उक्त पोर्टल पर 31 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकता है।

### प्राकृतिक आपदा से राहत एवं बचाव हेतु जिला स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित

**जांजगीर-चांपा।** अगामी मानसून में प्राकृतिक आपदा से बचाव और राहत व्यवस्था के संबंध में बाढ़ अतिवृष्टि की स्थिति पर सतत निगरानी रखने तथा सूचना के आदान-प्रदान हेतु जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 10 में की गई है। कंट्रोल रूम का दूरभाष क्रमांक- 07817222032 है। संयुक्त कलेक्टर श्रीमती ममता यादव को नियंत्रण कक्ष का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

---

35 करोड़ की योजना का इस गर्मी में भी नहीं मिल सका लाभ

# अवधि खत्म होने के तीन साल बाद भी जल आवर्धन का काम अधूरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला मुख्यालय में जल आवर्धन योजना का काम कछुए की चाल को मात दे रहा है। दो साल का काम पांच वर्ष बाद भी अधूरा पड़ा है। ठेकेदार ने दस महीने से काम बंद कर दिया है। अभी भी योजना के तहत 30 फीसदी से अधिक काम बाकी है। ऐसे में इस गर्मी में भी शहरवासियो को इस योजना का लाभ नहीं मिल सका।

जांजगीर शहर की आबादी 50 हजार से पार हो चुकी है, लेकिन नल से पानी सप्लाई की व्यवस्था नहीं है। शहरवासी हैंड पंप और निजी बोर से ही अपने पानी की जरूरत पूरी करते हैं। बाकी दिनों में तो काम चल जाता है , लेकिन गर्मी आते ही वाटर लेबल डाउन होने के कारण पेयजल की समस्या खड़ी हो जाती है। इससे निपटने के लिए नगर पालिका जांजगीर नैला ने हसदेव जल आवर्धन की योजना भी बनाई है, लेकिन यह योजना अधर में है। नगर पालिका परिषद जांजगीर नैला द्वारा जिला मुख्यालय जांजगीर के घर-घर पानी पहुंचाने के लिए नल जल योजना के तहत 35 करोड़ की लागत से काम कराया जा रहा है। काम की गति काफ़ी धीमी है जिसके कारण लगातार समय बढ़ाने के बाद भी काम नहीं हो पा रहा है। योजना के तहत काम पांच साल पहले शुरू हुआ था। ठेकेदार को कार्य पूर्ण करने के लिए तब दो साल का समय दिया गया था, लेकिन अब तक महज 70 फीसदी ही काम हो सका है।



अधूरा पड़ा पानी टंकी।

#### हसदेव नदी से आना है पानी

जांजगीर चांपा जिला का गठन 25 मई 1998 को हुआ। दो दशक से अधिक अवधि गुजरने के बाद भी जिला मुख्यालय जांजगीर में पेयजल की समुचित व्यवस्था नहीं हो सकी है। जांजगीर और चांपा शहर की दूरी महज 9 किलोमीटर है। चांपा के हसदेव नदी से जिला मुख्यालय में पानी लाना है, लेकिन इस कवायद में एक दशक से अधिक गुजर गया है। सरकार का करोड़ो रुपए खर्च हो चुका है, लेकिन जिम्मेदारों की लापरवाही के कारण आम जनता साफ पानी के लिए तरस रही है। एक दशक पहले चाम्पा के हसदेव नदी से पाइप के माध्यम से पानी लाने 6 करोड़ की लागत से काम किया गया। पाइप लाइन विस्तार करने के साथ ही पानी टंकी, इंटकवेल और संपवेल बनाए गए, लेकिन यह प्रोजेक्ट फेल हो गया। इसके बाद पिछले पांच साल से 35 करोड़ की लागत से हसदेव जल आवर्धन योजना का काम किया जा रहा है।

ठेकेदार ने 8 माह पहले काम बंद कर दिया हैं और फिर से समय वृद्धि की मांग की है। पूर्व में कार्य पूर्णता की अवधि अक्टूबर 2020 तय की गई थी, लेकिन काम की मंद गति के कारण इसकी अवधि को दो साल बढ़ा कर अक्टूबर 2022 किया गया। इस अवधि में भी 50 फीसदी काम नहीं हो सका। ठेकेदार ने फिर से एक्सटेंशन की मांग की और उसे नवंबर 2023 तक का समय दिया गया। एक्सटेंशन की यह अवधि भी समाप्त हो गई और महज 70 फीसदी ही काम हो सका है। ठेकेदार ने एक बार फिर से एक्सटेंशन की मांग की और अब उसका भी कहीं कोई अता-पता नहीं है। इधर योजना के तहत नगर में दो टंकी बननी है, वह अधूरी है। वार्डों में पाइप लाइन विस्तार का काम भी अटका हुआ है।

#### नहर ने बचाई लाज

नगर पालिका क्षेत्र जांजगीर नैला में नल से पानी सप्लाई की व्यवस्था नहीं होने के कारण शहरवासी हैंड पंप, कुंआ और निजी बोर से ही अपने पानी की जरूरत पूरी करते हैं। बाकी दिनों में तो इन साधनों से पानी की जरूरत पूरी हो जाती है, लेकिन गर्मी में जल स्तर गिरने से परेशानी बढ़ जाती है। हालांकि शहर से गुजरी हसदेव बांगो नहर लोगों के लिए जीवन दायिनी साबित होती है। ग्रीष्मकालीन फसल के लिए जनवरी से मई महीने तक नहर में पानी दिया गया, जिसके कारण शहर का वाटर लेबल बना रहा। हालांकि नहर बंद होने के बाद अब कुछ जगहों पर पानी की किल्लत हो रही है और लोग अब बारिश का इंतजार कर रहे है।

#### ले रहे जानकारी

जल आवर्धन योजना का काम निर्धारित अवधि में क्यों पूरा नहीं हुआ, कितना बाकी है और कितना कार्य हुआ है इस संबंध में पूरी जानकारी ले रहे है। उच्चाधिकारीयों को भी अवगत कराएंगे और उस हिसाब से कार्रवाई की जाएगी।

-प्रहलाद पाण्डेय,
मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पालिका जांजगीर नैला

---

# थाने से फरार आरोपी, चार दिनों से हवा में हाथ-पैर मार रही पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ हसौद

सक्ती जिला अंतर्गत हसौद थाना में पुलिस को चकमा देकर आबकारी एक्ट का एक आरोपी फरार हो गया। खास बात यह है कि अपनी लापरवाही छुपाने पुलिस ने तीन दिनों तक इस मामले को दबाए रखा और अब कार्रवाई की औपचारिकता निभाई जा रही है। इधर चार दिनों बाद भी आरोपी का कहीं कोई पता नहीं चला है। यह बात अलग है कि पुलिस उसके खिलाफ फरारी का एक और मामला दर्ज कर पतासाजी के नाम पर हवा में हाथ-पैर मार रही है।

गौरतलब है कि सक्ती जिले के अधिकांश होटल व ढ़ाबों में शराब की अवैध बिक्री धड़ल्ले से हो रही है। उच्चाधिकारियों से मिले दिशा-निर्देशन पर 12 जून की रात करीबन 10 बजे हसौद पुलिस ने ढाबा के सामने 34 पाव 6 लीटर 120 एमएल देसी मदिरा प्लेन अवैध शराब के साथ आरोपी फुलेश्वर चंद्रा पिता दुकालूराम चंद्रा को पकड़ा। मामले में उसके खिलाफ आबकारी एक्ट के अधिनियम की धारा 34(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। बताया जाता है कि उसे थाना में पुलिस अभिरक्षा में रखा गया था और प्रभारी सिपाहियों को निर्देश देकर चले गए। इस दौरान रात्रि करीब 12.15 बजे आरोपी फुलेश्वर चंद्रा पुलिस को चकमा देकर वहां से फरार हो गया। इधर घटना की जानकारी थाना प्रभारी के साथ आला अफसरों को हुई तो वे सख्ते में आ गए। खास बात यह है कि फरार आरोपी को फिर से पकड़ने टीम गठित कर अलग-अलग क्षेत्रों में रवाना किया गया तो दूसरी ओर इस मामले को दबाने की भी पूरजोर कोशिश की गई। तीन दिनों तक पुलिस ने



मामले को सार्वजनिक नहीं होने दिया। जिम्मेदार अधिकारी भी मीडिया से दूरी बनाकर बचते रहे। इधर तीसरे दिन सोशल मीडिया में यह खबर वायरल हुई तो पूरे क्षेत्र में पुलिस की न केवल किरकिरी हो रही बल्कि तेज तर्रार कप्तान के दिशा निर्देशन में होने वाली कार्रवाई के दौरान जिम्मेदारों द्वारा बरती जा रही लापरवाही को लेकर भी सवाल उठने लगे है। हालांकि जांच में निकली पुलिस टीम ने उक्त आरोपी के संबंधि ठिकानों पर दबिश दी। पुलिस का कहना है कि फरार आरोपी फूलेश्वर चंद्रा के खिलाफ पूर्व में आधा दर्जन से ज्यादा 107, 16 के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। इसके अलावा अभी इस मामले में उसके खिलाफ एक और अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

■ सक्ती जिले का मामला, होरही किरकिरी

#### कर रहे तलाश

आबकारी एक्ट के मामले में गिरफ्तार आरोपी हसौद थाना से फरार हो गया। उसके खिलाफ फरारी का एक और मामला दर्ज किए है। तलाश की जा रही है। इसके साथ ही मामले में कहां चुक हुई उसके जांच के आदेश दिए गए है।

-अंकिता शर्मा,
एसपी, सक्ती

---



क्राइम मीटिंग लेकर थाना व चौकी प्रभारियों को निर्देशित करते एसपी।

# चौक-चौराहों में सीसी टीवी लगाने की एसपी ने दी हिदायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने एसपी ने क्राईम मिटिंग ली। इस दौरान एसपी ने राजपतित्र अधिकारी एवं थाना - चौकी प्रभारियों को अपराध निकाल के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभा कक्ष में एसपी विवेक शुक्ला ने क्राइम मीटिंग लेते हुए थाना चौकी क्षेत्रों के हर मुख्य चौक चौराहो में सीसी टीवी कैमरा लगाने के निर्देश दिए। साथ ही कैमरा की देखरेख के लिए थाना चौकी में कार्यरत सीसीटीएनएस आरक्षक से समय समय पर स्थिति को चेक कराते रहने निर्देशित किया।मिटिंग में गंभीर अपराधों एवं महिला संबधि अपराधों के फरार आरोपियों का पतासाजी कर तत्काल गिरफ्तार कर प्रकरण का निकाल करने निर्देश दिया गया। अवैध शराब व गांजा के बिक्री की सूचना मिलने पर तत्काल आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही करने निर्देशित किया। शांति व्यवस्था बनाए रखने अधिक से अधिक प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने निर्देशित किया गया। इसके साथ ही एसपी ने थाना चौकी में आने वाले शिकायतकर्ता से शालीनता व शिष्टता से व्यवहार करने की हिदायत दी। एसपी ने थाना व चौकी क्षेत्रों में चलित थाना लगाकर जनता की समस्या व शिकायतों से रूबरू होकर त्वरित निराकरण करने निर्देशित किया।

### शराब पीने के लिए पैसे नहीं देने पर कर दी पिटाई, आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** शराब पीने के लिए पैसे नहीं देने पर मारपीट करने वाले आरोपी को शिवरीनारायण पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शिवरीनारायण के लोहर्सी निवासी राकेश कुमार साहू से राहौद निवासी लोकेश निर्मलकर ने शराब पीने के लिए पैसे की मांग की। राकेश द्वारा मना करने पर लोकेश ने गाली गलौच करते हुए उसकी पिटाई कर दी। राकेश की रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 294, 506,323, 327, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया। प्रकरण की विवेचना दौरान आरोपी लोकेश निर्मलकर को पुलिस ने उसके ठिकाने से पकड़ा।

---

# हमर पुलिस हमर संग, अपहृत बालिका व युवती को परिजनों से मिलवाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

हमर पुलिस हमर संग अभियान के तहत पुलिस ने अपहृत बालिका को महाराष्ट्र से सकुशल बरामद किया है। अपहरण करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इसी तरह एक अन्य अपहृत बालिका और एक गुम युवती को महाराष्ट्र और रायपुर से बरामद किया गया है।

हमर पुलिस हमर संग कार्यक्रम के अंतर्गत गुम बालक बालिकाओं का दस्त्याबी के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। जिसमे थाना नवागढ़ अलग अलग प्रकरण में गुम बालिकाओं एवं एक गुम युवती का महाराष्ट्र एवं रायपुर तरफ जाने का सूचना प्राप्त हुई थी। थाना नवागढ़ से टीम बनाकर महाराष्ट्र तरफ रवाना किया गया। पहले प्रकरण में 15 वर्षीय अपहृता 16 जून को बिना बताए अपने घर से अज्ञात व्यक्ति के बहलाने फुसलाने से कही चली गई थी। अपहृता का लोकेशन महाराष्ट्र तरफ मिलने से टीम के द्वारा महाराष्ट्र अहमदनगर में बरामद किया गया। पूछताछ करने पर अपहृता द्वारा बताया गया कि गांव में ग्राम छिर्रा का आरोपी कबीर बंजारे द्वारा शादी करने का झांसा देकर बहला फुसलाकर भगा के ले गया था। जिस पर आरोपी के विरुद्ध थाना नवागढ़ में धारा 363, 366, 376 भादवि एवम 4, 6 पाक्सो एक्ट कायम कर आरोपी कबीर बंजारे को गिरफतार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। एक अन्य प्रकरण में अपहृता 11 जून को अपने गांव से बिना बताए कही चली गई थी। वह रायपुर अपने सहेलियों के साथ कमाने चली गई थी। पुलिस ने उसे वापस लाकर परिजनों को सुपुर्द किया। एक अन्य प्रकरण में गुम युवती 2 मई को बिना बताए अपने घर से चली गई थी। गुम युवती को महाराष्ट्र के जलगांव से बरामद कर प्रकरण में विधिवत अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

■ महाराष्ट्र में मिली दो बालिकाएं व रायपुर से हुई युवती की दस्तयाबी





सकुशल बरामद की गई बालिकाएं।

---

# लंबे समय से अनुविभागीय अधिकारी पुलिस का पद रिक्त

**डभरा।** अनुविभागीय क्षेत्र पुलिस में अधिकारी नहीं होने से कानून व्यवस्था पर असर पड़ रहा है। जांच एवं शिकायत के मामलों का सही समय में निपटारा नहीं हो पा रहा है। लंबे समय से क्षेत्र में अनुविभागीय अधिकारी चंद्रपुर डभरा पुलिस का पद रिक्त है।

सक्ती जिले के अंतिम छोर का थाना क्षेत्र चंद्रपुर और डभरा में एसडीओपी के नहीं होने से कार्य पूरी तरह से प्रभावित हो चुका है। पूर्व में सुभाष दास अनुविभागीय अधिकारी कि यहां पोस्टिंग हुई है, पर अपने अस्वस्थता के कारण उन्होंने मेडिकल लिव लिया हुआ है। जिसके चलते पिछले कई महीनो से यहां डीएसपी का पद खाली है। गौरतलब है कि डभरा थाना क्षेत्र, जिले का सबसे बड़ा थाना क्षेत्र है, जहां दो बड़े पावर प्लांट संचालित है, उस क्षेत्र में बाहरी राज्य के बहुत से लोग निवासरत हैं। इसके अलावा इस पावर प्लांट क्षेत्र में बड़े वाहनों के कारण दृघतनाएं होती रहती है, जिसके कारण कई बार ला एंड ऑर्डर की स्थिति बन जाती है। साथ ही जिले के बॉर्डर क्षेत्र का थाना होने के कारण यहां कई अपराध घटित होते रहते हैं, वहीं चंद्रपुर सीमावर्ती थाना क्षेत्र होने के कारण और एक बड़े धार्मिक एवं पर्यटन क्षेत्र होने के कारण वहां भी कई बड़े मामले होते रहते हैं। अनुभाग क्षेत्र में अपराध रोकथाम के अलावा जांच एवं शिकायत के कई मामले रहते हैं, जो की अधिकारी नहीं होने के कारण निपटारा नहीं हो पाता है। क्योंकि थाना क्षेत्र के स्टाफ दैनिक एवं सुरक्षा ड्यूटी में ही व्यस्त रहते हैं, जिसके चलते अनुभाग क्षेत्र चंद्रपुर डभरा में एक एसडीओपी के पद स्थापना करना अनिवार्य हो चुका है। ताकि क्षेत्र में कानून व्यवस्था एवं विभागीय कार्य में सुचारूपन जारी रहे।



---

यातायात विभाग के निर्देशों का हो रहा खुला उल्लंघन

# सड़क किनारे खड़े वाहन दुर्घटना को दे रहे आमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

बलौदा मार्ग एवं तरौद ,बनाहिल मार्ग में सड़क के किनारे खड़े ट्रेलरों से टकराकर आए दिन दुर्घटनाएं घटित होने के बावजूद ट्रेलर चालक लंबे समय तक सड़क किनारे ट्रेलरों को खड़ा करने से बाज नहीं आ रहे हैं।

बलौदा एवं कोरबा क्षेत्र के कोल वासरियों से कोयला भरकर केएसके प्लांट जाने के लिए जाने वाली गाड़ियां अकलतरा बलौदा मार्ग में नगर के मनका दाई मंदिर के पास, खटोला, बरगवां, बम्हनी एवं बाना परसाही में अकलतरा नगर में नो एंट्री के खुलने के समय रात 11 बजे तक सड़क किनारे खड़ी रहती हैं। इन ट्रेलरों से टकराकर आए दिन लोग दुर्घटनाग्रस्त होते हैं। दुर्घटना घटित होने पर प्रशासन एवं पुलिस के अधिकारियों के द्वारा ट्रेलर चालकों को सड़क किनारे गाड़ी नहीं खड़ा करने की हिदायत एवं चेतावनी दी जाती है ट्रेलर चालक एक-दो दिन इसका पालन भी करते हैं लेकिन तीसरे दिन से फिर से वही कहानी शुरू हो जाती है। कुछ दिनों पूर्व जिला यातायात विभाग के द्वारा सड़कों के किनारे लंबे समय तक गाड़ी खड़ा नहीं करने को लेकर निर्देश भी जारी किया गया था लेकिन अकलतरा बलौदा मार्ग एवं अकलतरा से तरौद- बनाहिल मार्ग में चलने वाले ट्रेलर चालकों के द्वारा इस निर्देश का खुलेआम उल्लंघन किया जा रहा है। इन ट्रेलर चालकों के द्वारा यातायात संबंधी अन्य नियमों की भी अनदेखी की जाती है। अधिकांश गाड़ियों में फिटनेस प्रमाण पत्र नहीं होने के साथ-साथ किसी भी गाड़ी में हेल्पर भी नहीं होता है साथ ही गाड़ियों में तिरपाल से ढका हुआ नहीं होता है। इन ट्रेलरों को चलाने वाले अधिकांश लोग नाबालिग होते हैं। यातायात विभाग के द्वारा कार्रवाई के नाम पर केवल खानापूर्ति किए जाने के चलते ट्रेलर चालकों के हौसले बुलंद है। क्षेत्र वासियों के द्वारा जिला प्रशासन का ध्यान आकर्षित करते हुए सड़क किनारे खड़े इन ट्रेलरों पर कार्रवाई करने के साथ-साथ नगर सीमा में ट्रेलरों की गति को नियंत्रित किए जाने की मांग की गई है।



सड़क किनारे खड़े वाहन।

---

# नियम तोड़ने वाले 61 वाहन चालकों पर हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुए, सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए यातायात पुलिस द्वारा नियमों का उलंघन करने वाले 61 वाहन चालकों के विरूद्ध मोटर वाहन अधिनियम के विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई की है।

पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेंद्र कुमार जायसवाल के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस द्वारा जिले में सड़क दुर्घटना में कमी लाने एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध लगातार मोटर अधिनियम के तहत कार्यवाही की जार ही है। इसी क्रम में 15 जून को यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही की गई, जिसमें वाहनों में नम्बर प्लेट अस्पष्ट होना, मोटर सायकल में तीन सवारी, वाहन में रिफ्लेक्टर ग्लास नही होना, पार्किंग लाईन का नही होना, बिना हेलमेट पहनकर वाहन चलाना एवं अलग-अलग धाराओं के तहत 61 वाहन चालकों के विरूद्ध मोटर अधिनियम के तहत कार्यवाही कर 20 हजार 300 रुपए का समन शुल्क वसूल किया गया। यातायात पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान भविष्य में यातायात नियमों का पालन करने एवं शराब पीकर वाहन नहीं चलाने के संबंध में वाहन चालकों को समझाइश दी जा रही है।



कागजात जांच करती यातायात पुलिस।

## खबर संक्षेप



### मायुमं की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की हुई बैठक

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के प्रदेश अध्यक्ष मनीष अग्रवाल ने विगत दिनों झारखंड के देवघर शाखा में आयोजित चतुर्दशम राष्ट्रीय कार्यकारिणी की चतुर्थ बैठक में छत्तीसगढ़ प्रांत का प्रनिधित्व किया और अपने विचार रखे। प्रांतीय अध्यक्ष ने छत्तीसगढ़ में शाखाओं द्वारा किए जा रहे जनकल्याण कार्यों को सभी को अवगत कराया। सभी राष्टीय पदाधिकारियो ने छत्तीसगढ़ में हो रहे कार्यों की सराहना की। मनीष अग्रवाल ने बताया की जल्द ही छत्तीसगढ़ में अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच द्वारा संचालित कैंसर वैन भी आ रही है। जिसका लाभ शाखाओं के माध्यम से सभी जनमानस को निःशुल्क प्राप्त होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेन्द्र भट्टड़ ने भी छत्तीसगढ़ के कार्यों को सराहा। इस अवसर पर निर्वितमान राष्ट्रीय अध्यक्ष कपिल लखोटिया, पूर्व राष्टीय अध्यक्ष बलराम सुल्तानिया, राष्टीय महामंत्री सुंदर प्रकाश, राष्टीय उपाध्यक्ष मुख्यालय विकास अग्रवाल, राष्टीय संयोजक नारी चेतना श्रीमती रीना केडिया, झारखड़ के प्रदेश अध्यक्ष अरुण गुप्ता, पूर्वोत्तर के अध्यक्ष पंकज जालान, बिहार के अध्यक्ष प्रदीप सिंघी, महाराष्ट्र के अध्यक्ष कैलाश राठी, दिल्ली के अध्यक्ष मुकेश बोथरा, पश्चिम बंगाल के अध्यक्ष मोहित अग्रवाल, आंध्रप्रदेश तेलगाना के अध्यक्ष नेमीचंद, अन्य प्रांतों के अध्यक्ष, राष्ट्रीय कार्यकारणी के सभी पदाधिकारी, सदस्य एवं देवघर शाखा के सभी मंच साथी उपस्थित रहे।

### मारवाड़ी युवा मंच ने मनाया विश्व रक्तदान दिवस



**कोरबा।** मारवाड़ी युवा मंच कोरबा द्वारा 14 जून को विश्व रक्तदान दिवस मनाया। इसके उपलक्ष्य में कोरबा शाखा द्वारा इस कार्यक्रम को बिलासा ब्लड बैंक के सहयोग से सफलता पूर्वक पूरा किया गया। जिसमें हमारे शाखा द्वारा ब्लड सेंटर में कुल 23 यूनिट ब्लड डोनेट करवा कर जमा कराया गया। इस कार्यक्रम में प्रांत संयोजक नीरज अग्रवाल ने मुख्य भूमिका निभाई उन्होंने भी रक्तदान करके अपना सहयोग दिया एवं भूतपूर्व अध्यक्ष सतीश अग्रवाल, अक्षय अग्रवाल, आयुष अग्रवाल, आशुतोष अग्रवाल द्वारा रक्तदान किया गया एवं अन्य मंच के साथियों ने अपनी भागीदारी प्रस्तुत की। इस पूरे कार्यक्रम में मंच के अध्यक्ष विकास मित्तल ने अपनी भूमिका सुनिश्चित कर कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी दान दाताओं को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर उनका धन्यवाद किया।

### मकान मालिक व किरायेदार के बीच हुई मारपीट, किरायेदार जेल दाखिल

**कोरबा।** जिले में सरकारी योजनाओं की धज्जियां उड़ाई जा रही है। नगर निगम से लेने के बाद पिछले कई साल से अटल आवास को किराए पर संचालित किया जा रहा है। आवास में किराए को लेकर मकान मालिक और किराएदार के बीच मारपीट की घटना सामने आई है। मकान मालिक की शिकायत पर पुलिस ने किरायेदार को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल कर दिया है। ममला मानिकपुर चौकी क्षेत्र के शारदा विहार अटल आवास की है। मारपीट की सूचना मिलते ही मानिकपुर पुलिस दोनों पक्षों को चौकी लेकर आई, थाने में भी दोनों पक्ष जमकर हंगामा मचाने लग गए। शारदा विहार अटल आवास में हजारों की संख्या में बीपीएल कार्डधारियों को नगर निगम ने अटल आवास दिया है, लेकिन इस योजना को लोग पलीता लगा रहे हैं। अटल आवास मिलने के बाद लोग उसे किराया पर दे रखे हैं, जहां 15 साल से 2 हजार तक किराया वसूलते हैं। इसी बात को लेकर 2 पक्षों में मारपीट हुई है। लक्ष्मण जायसवाल का कहना है कि शारदा विहार अटल आवास में उसका क्वार्टर है, जिसे मनजीत कौर नाम की महिला ने कब्जा कर रखा है। इसकी शिकायत पहले भी मानिकपुर चौकी पुलिस से की गई थी, जहां दोनों पक्षों के बीच शिकायत के बाद कार्रवाई भी की गई थी। श्री जायसवाल का आरोप है कि वह क्वार्टर को खाली कराने शारदा विहार पहुंचा था। इस दौरान कब्जाधारी मनजीत कौर नाम की महिला से विवाद हो गया। दोनों लोग एक दूसरे पर मारपीट पर उतारू हो गए थे। मानिकपुर चौकी प्रभारी प्रेम साहू ने बताया कि दोनों की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

डीपीएस बालको में 18 जून दो पालियों में भरे जाएंगे पर्चे

# पहली बार कोरबा में आयोजित की जा रही यूजीसी नेट की परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी, नई दिल्ली (एनटीए) द्वारा यूजीसी नेट जून 2024 का आयोजन कोरबा जिले के दिल्ली पब्लिक स्कूल बालको नगर कोरबा में बुधवार 18 जून को किया जाएगा। इस परीक्षा का आयोजन दो पाली में किया जाएगा पहली पाली का समय 9.30 से 12.30 बजे और दूसरी पाली का समय दोपहर 3 से शाम 6 बजे होगा। इस परीक्षा में कोरबा अंचल एवं आसपास के क्षेत्र के पहली पाली में 724 एवं दूसरी पाली में 650 पात्र परीक्षार्थी शामिल होंगे। इस परीक्षा के जिला कोऑर्डिनेटर एवं दिल्ली पब्लिक स्कूल बालको के प्राचार्य कैलाश पंवार ने बताया कि प्रवेश परीक्षा की तैयारी पूरी कर ली गई है।

प्राचार्य श्री पवार ने बताया कि दिल्ली पब्लिक स्कूल बालकोनगर कोरबा को एकमात्र परीक्षा केंद्र बनाया गया है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी, नई दिल्ली (एनटीए) के निर्देशानुसार पहली पाली में परीक्षार्थियों को सुबह 7.30 बजे से 9 बजे तक प्रवेश दिया जाएगा। सुबह 9 बजे के बाद किसी भी परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। इसी प्रकार दूसरी पाली में दोपहर 1 बजे से दोपहर 2:30 बजे तक ही प्रवेश दिया जाएगा। दोपहर 2.30 बजे के बाद किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी, परीक्षार्थी समय का ध्यान अवश्य रखें। परीक्षार्थियों के पास अनिवार्य रूप से यूजीसी नेट जून का फोटोयुक्त प्रवेश पत्र, एक पासपोर्ट आकार की अतिरिक्त फोटो, कोई भी एक वैद्य पहचान पत्र जैसे पैन कार्ड, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, वोटर कार्ड, पासपोर्ट आदि में से कोई लाना होगा। यदि किसी परीक्षार्थी को दोनों पालियों में परीक्षा हेतु आना है तो अपने दोनों प्रवेश पत्रों के साथ एक-एक पासपोर्ट साइज फोटो अवश्य रखें। पीडब्लूडी परीक्षार्थी समय पर परीक्षा केन्द्र पहुँचे। पानी एक पारदर्शी बोतल, एक हैड सैनिटाइजर (50 एमएल की शीशी) लाने की अनुमति है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी, कोरबा जिला के सिटी कॉर्डिनेटर कैलाश पंवार ने बताया कि परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की कोई लेखन सामग्री नहीं लानी है। कोई भी इलेक्ट्रानिक सामान जैसे मोबाइल फोन, ब्लूटूस इयर फोन, हेडफोन, कैलकुलेटर आदि नहीं लाना है। एटीम कार्ड, क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, पर्स, हेयर क्लिप, किसी भी प्रकार की चाबी आदि नहीं होना चाहिए। घड़ी या आभूषण पहनने से बचना होगा। खाने की कोई सामग्री, पेन पेंसिल परीक्षा कक्ष में नहीं लानी है। नेशनल टेस्ट एजेंसी की वेबसाइट को देखकर ड्रेसकोड का पालन करने के साथ ही प्रवेश पत्र पर दिए गए दिशा-निर्देशों को ध्यान से पढ़कर उसी के अनुरूप ही परीक्षार्थी तय समय से आएं। उन्होंने कहा कि परीक्षा कड़ी निगरानी में होगी।



फाइल फोटो

#### दो पाली में होगी परीक्षा

पहली पाली में परीक्षार्थियों को सुबह 7.30 बजे से 9 बजे तक प्रवेश दिया जाएगा। सुबह 9 बजे के बाद किसी भी परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। दूसरी पाली में दोपहर 1 बजे से दोपहर 2:30 बजे तक ही प्रवेश दिया जाएगा। दोपहर 2.30 बजे के बाद किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। परीक्षार्थियों के पास अनिवार्य रूप से यूजीसी नेट जून का फोटोयुक्त प्रवेश पत्र होना चाहिए। एक पासपोर्ट आकार की अतिरिक्त फोटो, कोई भी एक वैद्य पहचान पत्र जैसे पैन कार्ड, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, वोटर कार्ड, पासपोर्ट आदि में से कोई लाना होगा। यदि किसी परीक्षार्थी को दोनों पालियों में परीक्षा हेतु आना है तो अपने दोनों प्रवेश पत्रों के साथ एक-एक पासपोर्ट साइज फोटो अवश्य रखें। पीडब्लूडी परीक्षार्थी समय पर परीक्षा केन्द्र पहुंचे। पानी की एक पारदर्शी बोतल, एक हैड सैनिटाइजर (50 एमएल की शीशी) लाने की अनुमति है। रीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की कोई लेखन सामग्री नहीं लानी है। कोई भी इलेक्ट्रानिक सामान जैसे मोबाइल फोन, ब्लू टूथ्स ईयर फोन, हेडफोन, कैलकुलेटर आदि नहीं लाना है। एटीम कार्ड, क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, पर्स, हेयर क्लिप, किसी भी प्रकार की चाबी आदि नहीं होना चाहिए। घड़ी या आभूषण पहनने से बचना होगा। खाने की कोई सामग्री, पेन पेंसिल परीक्षा कक्ष में नहीं लानी है।

# गीतकुंवारी में पहुंचा 7 हाथियों का झुंड


फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वनमंडल कोरबा के चचिया परिसर में विगत दिनों से 7 हाथियों का दल अब कुदमुरा रेंज अंतर्गत गीतकुंवारी गांव पहुंच गया है जबकि गीतकुंवारी में पहले से मौजूद लोनर हाथी ने धरमजयगढ़ का रूख कर लिया है। 7 हाथियों के गीतकुंवारी पहुंचने पर संबंधित अमला सतर्क हो गया है।

**खास बात**

- ग्रामीणों को मुनादी कराकर किया जा रहा सावधान

ग्रामीणों को मुनादी कराकर सावधान किया जा रहा है। उनसे कहा जा रहा है कि उनके गांव के जंगल में बड़ी संख्या में हाथी फिर पहुंच गए हैं, अतः वे इनसे दूरी बनाएं रखें। जंगल की ओर न जाएं। उधर कटघोरा वनमंडल के एतमानगर व केंदई रेंज में भी हाथियों की सक्रियता लगातार बनी हुई है जहां पांच हाथियों का दल केंदई रेंज के परला क्षेत्र में है। वहीं 18 हाथियों का दल एतमानगर रेंच के पचरा जंगल में घूम रहे हैं। पहले यह दल कटमोरगा में था लेकिन गुरुवार की रात यह झुंड पचरा जंगल पहुंचकर डेरा डाल दिया। हाथियों की यहां मौजूदगी दूसरे दिन भी बनी रही। हाथियों का यह दल गुरसियां, जटगा मुख्य मार्ग पर पहुंच गया था। जानकारी मिलने पर वन विभाग ने मौके पर पहुंचकर हाथियों को जंगल खदेड़ा। दल में एक उत्पाती दंतैल भी शामिल है, जो बंजारी गांव में एक ग्रामीण के घर घुसकर उसे ध्वस्त करने का प्रयास किया लेकिन समय पर निगरानी दल के पहुंच जाने से वह सफल नहीं हो सका। निगरानी दल ने दंतैल को खदेड़ दिया। उत्पाती दंतैल ने कटमोरगा में लगातार तीन दिन तक उत्पात मचाकर वहां के ग्रामीणों तथा वन विभाग के नाक में दम कर रखा था। उत्पात के दौरान दंतैल ने गांव में आधा दर्जन से अधिक ग्रामीणों के घर को ढहा कर उन्हें बेघर कर दिया था। दंतैल समेत हाथियों के दल के अन्यत्र जाने से कटमोरगा के ग्रामीणों ने फिलहाल राहत महसूस की है।

# नौकरी के नाम पर ठगी की घटना को दिया गया अंजाम, भटक रहे बेरोजगार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दीपका खदान में संचालित केसीसी कंपनी के इंचार्ज ने नौकरी लगाने के नाम पर ठगी की घटना को अंजाम दिया है। नौकरी दिलाने के नाम पर बेरोजगार युवकों से 15-15 हजार रुपए की राशि की वसूली की गई है। पैसा देने के बाद भी बेरोजगार युवक नौकरी के लिए भटक रहे हैं। यही वजह है कि ठगी के शिकार बेरोजगार युवकों ने कलेक्टर से शिकायत कर कार्यवाही की मांग की है।


कलेक्टेट में शिकायत करने पहुंचे बेरोजगार युवक।

**खास बात**

- एसईसीएल दीपका के केसीसी कंपनी का मामला

एसईसीएल दीपका खदान में नियोजित केसीसी नामक एक निजी कंपनी के इंचार्ज तुलसी बारीक ने चालक के चार व ऑपरेटर के दो पदों पर भर्ती के लिए अर्पित कुमार पटेल एवं बपी महाभोई के खाते में 15-15 हजार रुपए की राशि जमा कराई। इस दौरान बोला गया कि इन्हें बोला गया था की 1 हफ्ते के अंदर सभी को काम पर लगाऊंगा अगर नहीं लगवा पाया तो सभी का पैसा वापस करूंगा, और काम लगने के बाद 15-15 हजार और देने के लिए बोला गया था। पैसा देने के 7 महीने बाद भी बेरोजगार युवक काम के तलाश में भटकने को मजबुर है। युवकों का आरोप है कि ब्याज में राशि लेकर रकम जमा कराई गई है। न काम दिया जा रहा है और न ही पैसा वापस दिया जा रहा है। सवाल पूछने पर गुमराह किया जा रहा है। यही वजह है कि पीड़ित पवन दास, अमित कुमार, शत्रुघ्न केंवट, रितेश कुमार, देवी चरण, मनोज कुमार ने कलेक्टर सहित पुलिस अधीक्षक व अन्य अधिकारियों महाप्रबंधक दीपका, केसीसी कंपनी दीपका को पत्र लिखकर पैसे वापस दिलाने के लिए उचित कार्यवाही करने, तुरंत काम पर लगवाने की गुहार लगाई है। साथ ही चेतावनी दी गई कि अगर तीन दिन के भीतर उनकी राशि वापस नहीं दिलाई गई तो वह केसीसी कंपनी में धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी केसीसी कंपनी व शासन प्रशासन की होगा।

### किसान सम्मान निधि की किस्त 18 को होगी जारी

**कोरबा।** 18 जून को किसान सम्मान निधि की किस्त 2 हजार रुपए हितग्राहियों के बैंक अकांउट में जारी होने वाली है, लेकिन किस्त जारी होने से पहले बचे ऐसे किसान जिन्होंने पूर्व में डीबीटी और केवाईसी नहीं करवाया है। उन्हें केवाईसी करवाने के साथ-साथ डीबीटी करवाने के लिए कहा है। दरअसल पीएम नरेंद्र मोदी 18 जून को पीएम किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त जारी करेंगे। पीएम मोदी अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी से किसानों को 2-2 हजार रुपए की किस्त ट्रांसफर करेंगे। शुरुआत में जब पीएम-किसान योजना (फरवरी, 2019) शुरू की थी तो इसका लाभ केवल छोटे और सीमांत किसानों के परिवारों को ही मिलता था। इसमें वो किसान शामिल थे, जिनके पास 2 हेक्टेयर तक की कम्बाइड लैंड होल्डिंग (संयुक्त भूमि) थी। जून 2019 में स्कीम को रिवाइज किया और सभी किसान परिवारों के लिए इसे एक्सटेंड कर दिया गया। हालांकि, कुछ किसानों को अभी भी योजना से बाहर रखा गया है।

### महिला की संदिग्ध मौत, परिजन को हत्या का संदेह

**कोरबा।** मोतीसागरपारा वार्ड में एक नवविवाहिता महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। 22 वर्षीय महिला की कमरे में लाश मिली है। मृतिका के परिजन जब बेटी के घर पहुंचे तो मामले का खुलासा हुआ है। मृतिका परिजनों ने आरोप लगाया है कि दामाद ने ही उनके बेटी की हत्या की है जो कुछ दिन पहले ही एक मर्डर केस में जेल से छूटा है। पूरा मामला कोतवाली थाना क्षेत्र के मोतीसागरपारा बस्ती का है। शहर के मोतीसागरापारा क्षेत्र में बीती रात उस वक्त सनसनी फैल गई, जब एक महिला की मौत की खबर आम हुई। प्रेम विवाह के तीन साल बाद ही जिस तरह से उसकी मौत हुई उससे कई तरह के सवाल उठ रहे हैं। मायका पक्ष को जब इस बात की जानकारी हुई तब वे मौके पर पहुंचे गए ।

# थर्डजेंडर के साथ युवक ने शादी का झांसा देकर किया दैहिक शोषण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक युवक और ट्रांसजेंडर अंशिका के बीच हुई पहचान फिर प्रेम और प्रेम के के पश्चात शुरू हुआ स्वार्थ का खेल, ऐसा खेल जिसमें एक के पास अपनी लूटी हुई अस्मत के शिवा कुछ नहीं बचा वहीं दूसरे ने ना सिर्फ अपनी शारीरिक जरूरतों को पूरा किया बल्कि प्यार का झूठा खेल-खेलकर ट्रांसजेंडर निक्की के भविष्य के संजोए सपने, उसकी अस्मत, उसके अमूल्य गहने, उसकी जमापूंजी तक लूट कर लापता हो गया।

पीड़िता ने बताया कि बिलाईगढ़ क्षेत्र के मड़वाघाट गांव थाना कोसिद के पीतांबर बंजारे के साथ वह रहता था। कुछ साल पहले रायपुर में हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में दोनों पति-पत्नी के रूप में रहते थे दोनों के बीच अच्छा संबंध था सब कुछ अच्छा चलने लगा दोनों पारिवारिक जीवन जी रहे थे इस दौरान पीतांबर ने उसे घर बनाने के लिए पैसे मांगे और उसने अपने सोने चांदी के जेवरात समेत नगदी रकम उसे लाखों रुपए दे दिए घर कंप्लीट होने के बाद वो दोनों कोरबा काम करने आए जहां दोनों किसी निजी कंपनी में काम कर रहे थे जब उसने शादी के लिए दबाव बनाया उसके बाद युवा के शादी से इनकार करते हुए अचानक लापता हो गया पीड़िता उसके गृहग्राम भी पहुंच गई और उसके परिजनों को आपबीती बताएं लेकिन युवक वहां भी नहीं मिला और युवक के पर जनों ने उसे डांट फटकार कर वहां से भगा दिया इसके बाद हो शिकायत करने बालको थाना पहुंची जहां पुलिस से शिकायत के बाद मामला दर्ज कर युवक की तलाश में जुट गई। पीड़िता ने बताया कि पीतांबर उसके साथ शादी के नाम पर पिछले कई सालों तक शारीरिक संबंध भी बनाया।


आरोपी युवक।

अब उसके परिवार वालों के द्वारा उसे जान से मारने की धमकी और रिपोर्ट वापस लेने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। पुलिस ने इस मामले में मामला दर्ज कर आगे की जांच कार्रवाई शुरू कर दी है और पीतांबर को पकड़ने साइबर सेल के अलावा अन्य उसके रिश्तेदारों से पूछताछ कर रही है। पुलिस अधीक्षक नेहा वर्मा ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है।

### रोजगार निराकरण का मिला भूविस्थापितों को आश्वासन

**कोरबा।** बुडबुड ग्रामवासियों द्वारा तीन लाख विस्थापन की राशि के अलावा प्रति परिवार 5 लाख की अतिरिक्त प्रोत्साहन राशी की मांग को लेकर सरायपाली खदान में कोल उत्पादन एवं प्रेषण को पूरी तरह बंद कर दिया था। जिसके बाद एसईसीएल के अधिकारियों ने यह आश्वाशन दिया की आप लोगों की मांग का प्रस्ताव पुनर्विचार हेतु मुख्यालय भेजा जाएगा तथा यह प्रयास किया जाएगा की चार माह में प्रस्ताव एसईसीएल बोर्ड के पास भेजा जाएगा। अनुविभागीय अधिकारी एवं पुलिस प्रशासन की उपस्थिति में ग्रामीणों एवं एसईसीएल के अधिकारियों के मध्य समझौता हुआ।

जाँजगीर मार्केट

गुप्त रोग
नामर्दी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु पतला, पेशाब के साथ धातु का गिरना, जलन छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग, इत्यादि सभी प्रकार के गुप्त रोग का इलाज किया जाता है। बिना आपरेशन अण्डकोष, बवासीर एवं भगंदर का गारंटी इलाज।
निःसंतान दंपति अवश्य मिले
मां दुर्गा क्लीनिक
डॉ. ए.के. विश्वास
स्टेशन रोड पी.डब्ल्यू.डी. ऑफिस के सामने गट्टानी लोहा बाड़ा के बगल, चाम्पा
मो.- 8269419396, 8670074465

प्रवेश प्रारंभ
YASH ITI
Lachhanpur Champa
N.C.V.T. and D.G.E.T. दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त
कोर्स: इलेक्ट्रिशियन, कोपा, फिटर, डीजल मैकेनिक, फिजियोथैरेपी, वेल्डर, हेल्थ इंस्पेक्टर, स्टेनोग्राफर हिन्दी
योग्यता: 10वीं पास
सुविधाएँ: 1. गर्ल्स हॉस्टल 2. Wifi Campus 3. छात्रवृत्ति सुविधा
संपर्क करें
सांई मंदिर के पास लछनपुर चांपा जांजगीर-चांपा
मो.- 98261-28690, 97533-79677

पैसे बीमारी ठीक होने के बाद
उम्र की अधिकता और बीपी, शुगर से आई कमजोरी, टायमिंग में कमी, शुक्राणु की कमी, निःसंतान आदि
SEX PROBLEM
सभी रोगों का विशेष आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज, मनचाहा पॉवर सफलता से प्राप्त करने हेतु संपर्क करें:-
धनवंतरी आयुर्वेदिक
खोखसा फाटक के पास, ओवरब्रिज के नीचे चांपा रोड जांजगीर
मोबा-8962743509

TOP IN JANJGIR

N·S·D·C National Skill Development Corporation
Approved By Nsdc Center No.69240
पैरामेडिकल एवं नर्सिंग के रोजगोरन्मुखी कोर्स
कोर्स
0 MPW - पोस्ट डिप्लोमा इन मल्टी पर्पस हेल्थ वर्कर
0 OT - पोस्ट डिप्लोमा इन OT टेक्नीशियन
0 DMLT - डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीशियन
0 EMT - पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन
0 डिप्लोमा इन नर्सिंग सुपरवाईजर
0 पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन फिजिशियन एसिसटेंस
10वीं एवं 12वीं के छात्र एवं छात्राओं के लिए सुनहरा अवसर
प्रत्येक कोर्स के लिए 30-30 सीट उपलब्ध विभिन्न
एक वर्षीय कोर्स
अस्पतालों या पैथोलेब में कार्यरत विद्यार्थियों के पत्राचार एवं साप्ताहिक की सुविधा
सशुल्क पाठ्यक्रम
सम्पर्क करें- आकाश एजुकेशनल एकेडमी
केरा रोड, रजनीश बुक डिपो के सामने तिवारी काम्प्लेक्स जांजगीर मो. नं. 8770638375, 8815467282

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
24x7 इमरजेंसी सुविधा उपलब्ध
- न्यूमोनिया, पायोथोरेक्स, सेप्टिक शॉक, उल्टी दस्त के साथ बच्चे का सुस्त हो जाना,
- तेज बुखार के साथ झटका आना, ए. आर. डी. एस. बच्चे को लगातार झटके आना,
- पीलिया, जन्म के समय गन्दा पानी पीना व साँस न लेना, हाइपरटेंशन, लीवर फैलियर,
- डाइबिटिक कीटो एसिडोसिस, अस्थमा, बच्चों का बार बार बीमार पड़ना, इमरजेंसी सुविधाएं,
- गहन एवं गंभीर रूप से पीड़ित सभी बच्चों का इलाज हेतु एन.आई.सी.यु., पी.आई.सी.यू. की सुविधा,
- क्रिटिकल केयर विभाग, सभी तरह की आपातकालीन सुविधाएं,
- आकस्मिक दुर्घटना, सर की चोंट, जहर खुरानी, माइग्रेन का इलाज, बिच्छू एवं सर्प दंश का इलाज,
- हृदयघात, छाती में भारीपन / दबाव/ असुविधा या दर्द, गंभीर संक्रमण, साँस फूलना, मलेरिया डेंगू,
- तेज धड़कन, लकवा / पैरालिसिस, अचानक चक्कर आना, गंभीर संक्रमण आदि,
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य बहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य बहन चिकित्सा विशेषज्ञ
पताः- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
यूरोलॉजी विभाग (मूत्र एवं किडनी रोग)
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी (PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना (TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना, • पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना,
- पेशाब में रूकावट व जलन, • महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, • पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बॉझपन, ए.वी. फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
डॉ. प्रदीप जैन
M.B.B.S, M.S, MCh Urology (Mumbai) Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon
सुविधाएं
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
पताः- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दंत रोग विभाग
- दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
- दाँतों की नसों का ईलाज (Root Canal Treatment - RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज (BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी (IMPLANT), निकालने लगाने वाली बत्तीसी (DENTURES),
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज (OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग,
- मुँह व दाँत सम्बंधित अन्य सभी बिमारियों का ईलाज, बच्चों के दंतरोगों का समूर्ण ईलाज
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉटिस्ट
डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S-Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ
पताः- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजीरियन डिलीवरी,
- बार बार गर्भपात होने का इलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना,
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज,
- नसबंदी, युरिनरी समस्याएं, अनियंत्रित रक्त रिसाव, असमान्यतौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना,
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच,
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया) का ईलाज,
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज,
- अन्य महिलाओं सम्बंधित बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन,
24/7 EMERGENCY SERVICES
सुविधाएं
सोनोग्राफी की सुविधा प्रसवपूर्व जाँच एवं परामर्श
पताः- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जनरल सर्जरी, हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, आपेंडेक्टमी, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर (पाइल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वर्सेक्टमी, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सरकम सीज़र (ख़तना), ब्रेस्ट (स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली (गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बच्चों के समस्त ऑपरेशन
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज, घुटने और कूल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण,
- हड्डी टूटने के सर्जरी, पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी, सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी,
- शोल्डर और बाजु की सर्जरी, कमर दर्द एवं साइटिका, ऑर्थराइटिस,
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का इलाज,
सुविधाएं
मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल- फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रुम आदि.
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु
सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी- आर्म, पैथोलेब, फार्मेसी, ई.सी.जी. ई. ई.जी. इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
पताः- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

16- JUN-Jash-CORIYA-RAG-JANJ-Bhoomi pg-3_Layout 1 6/16/2024 7:42 PM Page 1





# नई फिल्म के लिए रणवीर को बढ़ाना पड़ रहा है 15 किलो वजन

**मुंबई।** रणवीर सिंह अपने आगामी प्रोजेक्ट को लेकर तैयारी में जुटे हैं और अभिनेता अपने शारीरिक बदलाव पर काम कर रहे हैं। इस बात का दावा लेखिका शोभा डे ने अपने एक इंस्टाग्राम पोस्ट में किया है। उन्होंने रणवीर के साथ एक तस्वीर साझा करते हुए लिखा कि वह अपने आगामी प्रोजेक्ट के लिए वजन बढ़ा रहे हैं। लेखिका शोभा डे ने रणवीर सिंह से एक कैफे में मिलने के बाद कुछ तस्वीरें साझा की।तस्वीरें साझा करते हुए शोभा ने लिखा, 'अलीबाग के हमारे पसंदीदा कैफे में चौंकाने वाली मुलाकात, सेल्फी किंग रणवीर पिता बनने से पहले बहुत जरूरी समय बिता रहे हैं। उन्हें अपने नए प्रोजेक्ट के लिए 15 किलो वजन बढ़ाने की जरूरत है। हमेशा की तरह आकर्षक, सहज और हमेशा विनम्र।

लाइफ Style

# स्वरा

## 'कम से कम जीवित तो हैं...'

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री से सांसद बनीं कंगना रणौत को हाल ही में चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर सीआईएसएफ ने थप्पड़ मार दिया था, जिसके बाद कंगना का वीडियो सोशल मीडिया पर भी सामने आया इस मामले में लोग अपनी -अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं।

हाल ही में स्वरा भास्कर ने भी इस मामले पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि हिंसा का सहारा लेना अक्षम्य है और ऐसा नहीं होना चाहिए। साथ ही कहा कि चलो कंगना को थप्पड़ ही पड़ा है, वो जिंदा तो हैं। अपने बेबाक बयानों के लिए पहचानी जाने वाली अभिनेत्री स्वरा भास्कर ने कहा, 'कोई भी समझदार व्यक्ति यही कहेगा कि कंगना के साथ जो कुछ भी हुआ वह गलत था। कोई भी ऐसा नहीं है जो कंगना के साथ हुई हिंसा या मारपीट को सही ठहराएगा।' अभिनेत्री ने कहा, 'हां, कंगना के साथ जो हुआ वह गलत था और ऐसा नहीं होना चाहिए था। किसी पर भी हमला करना सही नहीं है। लोग कंगना के दक्षिणपंथी समर्थकों से यही कह रहे थे कि उन्हें इस बारे में नहीं बोलना चाहिए, क्योंकि वह वही लोग हैं, जो लिंचिंग को सही ठहराती हैं।' स्वरा ने आगे कहा, 'कंगना को सिर्फ थप्पड़ पड़ा है और ऐसा भी नहीं होना चाहिए था। मगर कम से कम वह जिंदा हैं। उनकी सुरक्षा उसके आसपास है। इस देश में लोगों की जान गई है, उन्हें पीट-पीट कर मार डाला गया है, ट्रेन में सुरक्षाकर्मियों द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गई है, दंगों में सुरक्षाकर्मियों को लोगों की पिटाई करते हुए रिकॉर्ड किया गया है।'



## हॉलीवुड मसाला



# डेडपूल एंड... कमाई को तैयार

**लॉस एंजिलिस।** रिपोर्ट्स के मुताबिक डिज्नी/ मार्वल स्टूडियोज की फिल्म डेडपूल एंड वूल्वरिन पहले सप्ताहांत में 20 करोड़ डॉलर से 23.9 करोड़ डॉलर तक के बीच कमाई कर सकती है। रिपोर्ट्स के अनुसार फिल्म की कमाई का यह अनुमान द कोरम ने लगाया है जो छह सप्ताह पहले से ही फिल्म की ट्रैकिंग शुरू कर देता है। द कोरम के यह आंकड़े वाकई हैरान कर देने वाले हैं, क्योंकि कोई भी आर-रेटेड फिल्म ने अब तक पहले वीकएंड में 20 करोड़ डॉलर की कमाई नहीं की है।



# 'ब्लू बीटल' की कहानी का अब ओटीटी विस्तार

**लॉस एंजिलिस।** फिल्म 'ब्लू बीटल' के दीवानों के लिए बड़ी खबर आ रही है। सूत्रों की मानें तो वार्नर ब्रदर्स एनीमेशन और डीसी स्टूडियो इस फिल्म को एक कॉमिक चरित्र पर आधारित एक एनिमेटेड सीरीज के रूप में इसे विकसित करने जा रहे हैं। एंजेल मैनुअल सोटो के निर्देशन में बनने जा रहे इस शो को गैरेथ डननेट अल्कोसर लिखने वाले हैं। आइए आपको बताते है इस एनिमेटेड सीरीज में क्या खास होने वाला है। फिल्म 'ब्लू बीटल' डीसी कॉमिक बुक पर आधारित फिल्म है। इस फिल्म को दर्शको ने काफी प्यार दिया था। इस फिल्म की कहानी जैमी रेयेस के इर्द -गिर्द घूमती है, लेकिन मीडिया रिपोट्र्स की मानें तो तो सीरीज की कहानी फिल्म की कहानी से अलग होने वाली है।



# डिप्रेशन की समस्या से गुजर चुकी हैं...

**मुंबई।** ऋतिक रोशन की चचेरी बहन पश्मीना रोशन अभिनय की दुनिया में कदम रखने जा रही हैं। उनकी पहली फिल्म का नाम 'इश्क विश्क रिबाउंड' है। इन दिनों वह फिल्म का जोर शोर से प्रचार कर रही हैं। इस बीच एक साक्षात्कार में उन्होंने अपने मानसिक स्वास्थ्य और अपनी पहली फिल्म को लेकर खुलकर बात की। हाल ही में एक साक्षात्कार के दौरान पश्मीना रोशन ने खुलासा किया कि वह कुछ वर्ष पहले डिप्रेशन की समस्या से जूझ रही थीं। वह इस बात को लेकर भ्रमित थीं कि वह अच्छी अभिनेत्री बन सकती हैं या नहीं। डिप्रेशन के दौरान वह केवल दोपहर में सोती थीं। पश्मीना ने साझा किया कि वह स्कूल में थिएटर ग्रुप का हिस्सा थीं, लेकिन उस समय उन्हें यह नहीं पता था कि आगे उन्हें इस क्षेत्र में करियर बनाना है।



# फैंस ने पूछा- क्या है राजकुमारी का नाम

**नई दिल्ली।** वरुण धवन इस समय अपनी जिंदगी के सबसे बेहतरीन दौर से गुजर रहे हैं। कुछ हफ्ते पहले ही उन्होंने अपनी बेटी का स्वागत किया है और ऐसा लग रहा है कि अभिनेता अपना ज्यादातर समय अपनी नन्ही राजकुमारी के साथ बिता रहे हैं। इसके बाद से एक्टर सोशल मीडिया पर थोड़ा कम एक्टिव हो गए हैं। फैंस बेबी धवन को देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। जब एक्टर ने कुछ तस्वीरें शेयर कीं तो फैंस नए पापा की तारीफ करने लगे और उनकी बच्ची की तस्वीरें मांगने लगे। एक फैंस ने वरुण से पूछा, राजकुमारी का नाम क्या रखा है? एक फैन ने लिखा, 'वरुण, हमें अपनी राजकुमारी की पहली तस्वीर कब मिलेगी?' दूसरे प्रशंसक ने पूछा, 'बच्ची कैसी है'। एक अन्य प्रशंसक ने यह भी पूछा, 'क्या जॉय अपनी छोटी बहन से मिला?"

## टीवी मसाला



# 'बालिका वधू शो से पता चला पीरियड्स के बारे में'

**नई दिल्ली।** टीवी इंडस्ट्री की 'बालिका वधू' अविका गौर ने बॉलीवुड में अपना डेब्यू कर लिया है। अभिनेत्री ने कृष्णा भट्ट की फिल्म '1920 हॉरर्स ऑफ द हार्ट' से बतौर लीड एक्ट्रेस हिंदी सिनेमा में अपने करियर की शुरुआत की है। अभिनेत्री टीवी के शो 'बालिका वधू' से मशहूर हुईं। यह शो बाल विवाह की अवधारणा पर आधारित था और बेहद सफल रहा। बालिका वधू ने कई सामाजिक मानदंडों पर भी प्रकाश डाला और दर्शकों के बीच जागरूकता फैलाने में मदद की। हाल ही में, एक साक्षात्कार में, अविका ने अपने शो की शूटिंग के दौरान मासिक धर्म के बारे में जानने के बारे में बताया। शो में अपने कार्यकाल के दौरान 12 साल की उम्र में अभिनेत्री ने ऐसे एपिसोड की शूटिंग की, जिसमें उनकी आनंदी पहली बार मासिक धर्म शुरू करती है और अपने माता-पिता के बजाय अपने ससुराल वालों के साथ रहती है। अविका के लिए इस सीन को शूट करने में कोई परेशानी नहीं हुई। अभिनेत्री इसका श्रेय अपनी मां को दिया। उन एपिसोड की शूटिंग के दौरान पर्दे के पीछे क्या हुआ, इसका खुलासा करते हुए, अविका ने बताया कि उनके निर्देशक ने उनसे पूछा कि क्या उन्हें पता है कि पीरियड्स क्या होते हैं।

# रामायण का वो सीन, जिसको शूट करना नहीं था आसान...

**नई दिल्ली।** रामानंद सागर की रामायण पहली बार दूरदर्शन पर 1987 में प्रसारित हुई थी। उस दौर में इसे दर्शकों के बीच खूब प्यार मिला था। 2020 में रामायण फिर टीवी पर आई और इस शो की टीआरपी ने बड़ा इतिहास रचते हुए दर्शकों के मामले में वर्ल्ड रिकॉर्ड भी बनाया। रामायण में 'लक्ष्मण' का रोल निभाने वाले सुनील लहरी ने रामायण से जुड़े कई किस्सों के बारे में मजेदार बातें सोशल मीडिया पर शेयर की थीं। उन्होंने एक ऐसे किस्से का जिक्र किया है, जिसके शूट के दौरान रामायण की पूरी कास्ट के साथ रामानंद सागर भी खूब रोए थे। ये किस्सा तब का है, जब राम के वनवास जाने के बाद राजा दशरथ का निधन हो गया था। उन्होंने बताया था कि इस एपिसोड को शूट करते हुए सभी लोग भावुक होकर रोने लगे थे।



# बनना था हीरोइन, बन गई विलेन

## राजेश की फिल्म से रातों-रात बनी स्टार

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन, राजेश खन्ना, अनुपम खेर और जितेंद्र जैसे स्टार के साथ काम कर चुकीं वो एक्ट्रेस जिनके पिता उन्हें डॉक्टर बनाना चाहते थे। लेकिन वह मां को देखते हुए एक्ट्रेस बन गईं। आई तो फिल्मों में हीरोइन बनने थी, लेकिन इंडस्ट्री ने उन्हें विलेन बना दिया। 90 के दशक में तो वह हर फिल्म में नेगेटिव सास के रोल में नजर आने लगी थीं। राजेश खन्ना और आशा पारेख की फिल्म से पहचान बनाने वाली वो एक्ट्रेस अपने दौर में अपने नेगेटिव रोल के साथ-साथ अपने जबरदस्त डांस के लिए भी पहचानी जाती थीं। फिल्मों में विलेन के किरदार निभाकर खूब वाहवाही लूटी थी। साल 1962 से एक्टिंग करियर की शुरुआत करने वाली इस एक्ट्रेस के साथ करियर की शुरुआत में बहुत भेदभाव किया गया था। ये खुलासा सालों बाद खुद दिग्गज एक्ट्रेस ने किया था। इंडस्ट्री की वो टैलेंटेड एक्ट्रेस बिंदू हैं। अपने करियर में उन्होंने सिनेमा की दुनिया के जाने माने विलेन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर फिल्मों में कड़ी टक्कर दी है। लेकिन, पर्सनल लाइफ में उन्हें मां बनने का सुख कभी नसीब नहीं हो सका। बिंदू को बाली उम्र में ही अपने पड़ोसी चंपक लाल जावेरी से प्यार हो गया था। दोनों ही एक-दूसरे पर दिल हार बैठे थे। बिंदू ने 18 साल की उम्र में ही उनसे शादी रचा ली थी। दोनों में 5 साल का अंतर था। अपने एक इंटरव्यू एक्ट्रेस ने बताया था कि दोनों के फैमिली शादी के लिए तैयार नहीं थी। बिंदू इंडस्ट्री में हीरोइन बनने का सपना लेकर आई थी।



# जब बॉक्स ऑफिस पर भिड़े थे आमिर-सनी रेस में आगे निकली थी गदरः एक प्रेम कथा

**मुंबई।** वर्ष 2001 था और जून के महीने में सिनेमा के शौकीनों को दो फिल्मों को तोहफा मिला था। आमिर खान 'लगान' लेकर आए थे तो सनी देओल 'गदर'। 15 जून को दोनों फिल्में एक साथ रिलीज हुई थीं। दोनों पर दर्शकों का प्यार बरसा था। दोनों फिल्मों की कहानी, स्टारकास्ट और गाने सबकुछ अपने आप में खास थे। लेकिन आमिर और सनी देओल के बीच बॉक्स ऑफिस महामुकाबले में किंग कौन बना था?

### गदर देखने उमड़ी थी भीड़



अनिल शर्मा निर्देशित फिल्म 'गदर' में सनी देओल के साथ अमीषा पटेल मुख्य भूमिका में नजर आई थीं। तारा सिंह और सकीना की लव स्टोरी के साथ-साथ इसमें हिंदुस्तान के विभाजन की त्रासदी को दिखाया गया। फिल्म के गाने सुपरहिट हुए। डायलॉग तो ऐसे चले कि आज तक बोले जाते हैं। फिल्म में सनी देओल का हैंडपंप उखाड़ने वाला सीन आइकॉनिक बन गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक गदर एक प्रेमकथा का पहला शो सुबह छह बजे से शुरू किया गया था। सनी देओल के फैंस की भीड़ सिनेमाघरों में उमड़ पड़ी थी। उस वक्त वीसीआर का दौर था।

### टैक्स फ्री कर दी गई थी लगान



आमिर खान की लगान का निर्देशन आशुतोष गोवारिकर ने किया था। फिल्म का निर्माण खुद आमिर खान और रीना दत्ता ने किया। 'लगान' फिल्म के साथ आमिर ने बतौर निर्माता बॉलीवुड में अपने करियर की शुरुआत की थी। लगान फिल्म को भारत में टैक्स फ्री कर दिया गया। ये फिल्म भारत की तरफ से ऑस्कर में फोरेन लैंग्वेज की कैटेगरी में शॉर्टलिस्ट हुई थी। हालांकि फिल्म को अवॉर्ड नहीं मिल पाया था। इस फिल्म में आमिर खान के साथ ग्रेसी सिंह नजर आई थीं।

### बॉक्स ऑफिस पर कैसा रहा प्रदर्शन?

रिपोर्ट्स के मुताबिक गदरः एक प्रेम कथा का बजट करीब 18 करोड़ रुपए था। गदर फिल्म का इंडिया नेट कलेक्शन करीब 76.65 करोड़ रुपए रहा। वहीं, वर्ल्डवाइड कारोबार 132.60 करोड़ था। आमिर की लगान का बजट गदर से ज्यादा था। रिपोर्ट्स के मुताबिक लगान को करीब 25 करोड़ रुपए में बनाया गया था। कमाई की बात करें तो इसका इंडिया नेट कलेक्शन 34.35 करोड़ रुपए रहा था। वहीं, वर्ल्डवाइड इसने 58.05 करोड़ रुपए कमाए। यानि रेस में सनी देओल की फिल्म आगे रही थी।

## इरफान को क्रिस्टोफर नोलन की फिल्म 'इंटरस्टैलर' में काम करने का मौका मिला था

# हॉलीवुड फिल्मों का ऑफर ठुकरा चुके हैं ये कलाकार, दो ने जीता था ऑस्कर

**नई दिल्ली।** किसी एक इंडस्ट्री के फिल्म कलाकारों के लिए दूसरी इंडस्ट्री में काम करना एकदम नया अनुभव होता है। लगभग सभी की इच्छा भी होती है कि वो अपनी इंडस्ट्री से बाहर भी काम करें। कई बार तो मौका मिलते ही बात भी बन जाती है, लेकिन कई बार किसी न किसी वजह से काम हाथ से निकल जाता है या फिर खुद ही अपने हाथ पीछे खींचने पड़ते हैं। शाहरुख खान, दीपिका पादुकोण, इरफान खान और ऋतिक रोशन ऐसे कलाकार हैं, जिन्हें एक बार हॉलीवुड से आए ऑफर को ठुकरा दिया था।

*बॉलीवुड के कई कलाकार हॉलीवुड की फिल्मों में काम कर चुके हैं। इस सूची में प्रियंका चोपड़ा, ऐश्वर्या राय, अमिताभ बच्चन, नसीरुद्दीन शाह, अनिल कपूर, दीपिका पादुकोण और अनुपम खेर समेत कई सितारों के नाम शामिल हैं।*




***शाहरुख खान :*** साल 2008 में रिलीज हुई फिल्म 'स्लमडॉग मिलेनियर' ने खूब सुर्खियां बटोरी थी। इस फिल्म ने आठ ऑस्कर अवॉर्ड जीते थे। फिल्म में देव पटेल और फ्रीडा पिंटो ने मुख्य भूमिका निभाई थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, शाहरुख खान को इस फिल्म में काम करने का ऑफर मिला था। उन्हें फिल्म में 'कौन बनेगा करोड़पति' शो के होस्ट प्रेम कुमार का रोल मिला था, जिसे करने से उन्होंने मना कर दिया था। बाद में इस किरदार को अनिल कपूर ने निभाया था।



***इरफान खान :*** हॉलीवुड फिल्म 'लाइफ ऑफ पाई', 'अमेजिंग स्पाइडरमैन' और 'इंफर्नो' में काम करने वाले इरफान खान ने भी एक बार एक हॉलीवुड फिल्म में काम करने से मना कर दिया था। उन्हें क्रिस्टोफर नोलन की फिल्म 'इंटरस्टैलर' में काम करने का मौका मिला था। उन्हें मैट डमोन द्वारा निभाए गए किरदार के लिए अप्रोच किया गया था। यह फिल्म साल 2014 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म ने बेस्ट विजुअल इफैक्ट्स का ऑस्कर अवॉर्ड जीता था।



***ऋतिक रोशन :*** इस साल की शुरूआत में 'फाइटर' फिल्म से बॉक्स ऑफिस पर महफिल लूटने वाले ऋतिक रोशन भी हॉलीवुड की एक फिल्म में काम करने से इनकार कर चुके हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन्हें 'पिंक पैंथर 2' में काम करने का ऑफर मिला था, लेकिन अपनी व्यस्तता के चलते वो इस फिल्म में काम नहीं कर पाए थे।



***दीपिका पादुकोण :*** दीपिका पादुकोण को भी हॉलीवुड की फ्रेंचाइजी फिल्म 'फास्ट एंड फ्यूरियस' के सातवें भाग में काम करने का ऑफर मिला था, लेकिन दीपिका इसमें काम नहीं काम कर पाई थीं। इसके पीछे की वजह यह थी कि उन दिनों दीपिका 'गोलियों की रासलीला रामलीला' और 'हैप्पी न्यू ईयर' में व्यस्त थीं। बता दें कि दीपिका ने विन डीजल की फिल्म 'एक्सएक्सएक्सः द रिटर्न ऑफ जेंडर' से अपना हॉलीवुड डेब्यू किया था।

# किरारी में आयोजित छह दिवसीय समर कैंप का हुआ समापन

# बच्चों के समग्र विकास के लिए समर कैम्प लगाकर दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

जिला महिला एवं बाल विकास विभाग, विकासखंड बाल विकास परियोजना अधिकारी, सेक्टर सुपरवाइजर एवं अज़ीम प्रेमजी फाऊंडेशन के संयुक्त प्रयास से किरारी ग्राम पंचायत, विकासखंड अकलतरा के पांच आंगनवाड़ी केंद्रों के कार्यकर्ता संतोषी गोंड, मीनाक्षी नेताम, राजकुमारी साहू, रामकुमारी गोंड, फगनी चौहान तथा सहायिकाओं- पवारा बाई, छत बाई, मालती साहू, सविता साहू एवं ज्योति कश्यप के द्वारा ग्राम पंचायत भवन किरारी में छह दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया।

बीआरसी शैलेन्द्र सिंह बैस के द्वारा समर कैंप का भ्रमण कर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा-बुनियादी चरण मे प्रारंभिक देखभाल एवं बुनियादी शिक्षा के महत्व को चिन्हित करते हुए इसकी आवश्यकता एवं अनिवार्यता पर जोर दिया गया है। 3 से 6 साल के बच्चों का समग्र विकास व आनन्ददायी शिक्षण के अनुभव प्राप्त हो सकें, व बच्चों को औपचारिक शिक्षा के लिए तैयार किया जा सके इसके महत्व को समझते हुए इस कैंप का आयोजन किया गया जो बच्चों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध होगा। उन्होंने गांव के अभिभावकों, विशेषकर माताओं ने कार्यकर्ताओं की मेहनत और समर्पण की सराहना की और बच्चों के विकास में इस समर कैंप की भूमिका की प्रशंसा की। इस समर कैंप ने बच्चों को नई जानकारियां दीं और उनके मानसिक और शारीरिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। ऐसे आयोजन बच्चों के समग्र विकास के लिए अत्यंत लाभकारी साबित होते हैं। कैंप में 75 से अधिक बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। छः दिवसीय समर कैंप में थीम आधारित गतिविधियों में बच्चों को शामिल किया गया। प्रथम दिवस मैं और मेरा शरीर थीम के अंतर्गत बच्चों के साथ अपने शरीर और उसकी देखभाल व स्वच्छता और स्वस्थ जीवनशैली से संबंधित गतिविधियों में शामिल किया गया। द्वितीय दिवस जन्तु और पक्षी के अंतर्गत बच्चों के साथ विभिन्न जन्तुओं और पक्षियों के बारे में सीखा, चित्र बनाकर और कहानियां सुनाना, तृतीय दिवस फल और सब्जी थीम के अंतर्गत बच्चों ने फलों और सब्जियों के महत्व के बारे में सीखा, पौष्टिक आहार के फायदों, चतुर्थ दिवस ऋतु और त्योहार थीम के अंतर्गत बच्चों ने विभिन्न ऋतुओं और त्योहारों, कहानियां और चित्रकारी से संबंधित गतिविधियां, पंचम दिवस मेरा गांव और मेरा आंगनवाड़ी थीम के अंतर्गत बच्चों के साथ अपने गांव और आंगनवाड़ी के बारे में सीखा, अपने परिवेश, संबंधित गतिविधियों में शामिल करते हुए कार्य किया गया। अंतिम दिवस को समर कैम्प उत्सव के रूप में मनाया गया, जिसमें बच्चों ने अपनी कला और क्रीड़ा कौशल का प्रदर्शन किया। इस दौरान विभिन्न खेलों और प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। छः दिवसीय कैंप का संयोजन अज़ीम प्रेमजी फाउन्डेशन के सदस्य के. शैलजा एवम सत्यनारायण यादव द्वारा किया गया।


समर कैम्प में भ्रमण के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से चर्चा करते बीआरसी ।



# लाखों की लागत से बना नैला बस स्टैण्ड वीरान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

शहर के अंदर लाखों की लागत से बनी नैला बस स्टैण्ड विरान पड़ा है। स्टैण्ड में न तो यात्री पहुंच रहे और ना ही किसी प्रकार की कोई सुविधा है।

ज्ञात हो कि जांजगीर नैला नगर पालिका परिषद क्षेत्र की नैला मुख्य मार्ग में कुछ अर्से पूर्व बस स्टैण्ड का निर्माण किया गया था, जिसमें व्यवसायिक कांप्लेक्स भी बनाया गया था। परिसर का निर्माण घटिया होने के कारण आज जर्जर की स्थिति में है। बस स्टैण्ड निर्माण के शुभारंभ करने के साथ परिसर में बने दुकानों को आबंटित भी कर दिया गया, किंतु कुछ समय तक सीटी बसों की परिचालन करने के बाद स्टैंड को बंद कर दिया है और वहां न तो मार्ग में आवागमन करने के लिए यात्री गाडियां पहुंच रही है और न ही आबंटित दुकानें खुल रही है । दूसरी तरफ स्टैण्ड की पिछले तरफ की दीवाल भी असामाजिक तत्वों ने तोड़ दिया है और वहां व्यवसायिक उपयोग न होकर शाम के समय नशा करने वाले एवं जुआडियों का अड्डा बन गया है। शहर में सीटी बस की परिचालन के बाद बंद होने पर बस को स्टैंड में ही खड़ा कर दिया गया , जो अब कबाड़ में तब्दील हो गया है, वहीं कबाड़ी चोर धीरे धीरे बस की सामानों को काट काट ले जा रहे हैं। बहरहाल नागरिकों को सुविधा उपलब्ध कराने की मंशा से किए गए खर्च पर पानी फिर रहा है तो दूसरी तरफ शासन प्रशासन इस पर उदासीन है।

■ आज तक नहीं खुली परिसर में आबंटित दुकान

## खबर संक्षेप

### बोरदा-लोहर्सी पहुंच मार्ग में जगह-जगह बने गड्ढे



**गोधना।** ग्राम बोरदा से लोहर्सी के बीच का सड़क मार्ग की स्थिति बहुत दयनीय है। सड़क के कई हिस्से उखड़ चुके हैं तो कहीं पर गड्ढे बन गए हैं ।जिससे यात्रियों को इस रास्ते से सफर करने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि यह सड़क मार्ग बिलासपुर मुख्य मार्ग से जुड़ती है ,इसलिए आसपास के गांव के लोग इस रास्ते से ज्यादा आवागमन करते हैं ।बरसात के दिनों में सड़क की इस दुर्दशा के कारण दो पहिया वाहनों के स्लिप खाकर गिरने की संभावना बनी हुई है । ग्राम बोरदा निवासी नोखेलाल कश्यप ने बताया कि जर्जर हालत में सफर करना खतरे से कम नहीं । अगर यह पहुंच मार्ग नवनिर्माण हो जाए तो यात्रियों को यात्रा करने में सुविधा होगी।

### इदुल अजहा पर सुबह 8 बजे ईदगाह में अदा की जाएगी विशेष नमाज

**जांजगीर-चाम्पा।** हजरत पैगम्बर इब्राहिम अले सलाम की त्याग और बलिदान की याद में मनाये जाने वाला मुसलमानों का प्रमुख त्यौहार इदुल-अजहा 17 जून सोमवार को मनाया जायेगा। उक्ताषय की जानकारी देते हुये मदरसा ए मदनी कमेटी के अध्यक्ष रफीक सिद्धिकी ने बताया कि 17 जून सोमवार को इदुल अजहा (बकरीद) का त्यौहार धुमधाम से मनाया जावेगा। इस दिन प्रातः 8.30 बजे विषेश नमाज ईदगाह में अदा की जावेगी। बारिश होने पर विषेश नमाज मस्जिदों में पढ़ी जावेगी। इदुल अजहा के मौके पर हैसियतमंद मुसलमान अपने घरों में कुर्बानी देते है जो 3 दिनों तक चलता है। अंजुमन कमेटी द्वारा त्यौहार को लेकर तैयारियां की जा रही है।

### चौबीसों एकादशी में श्रेष्ठ भीमसेनी एकादशी का निर्जला व्रत 17 व 18 को

**जांजगीर-चांपा।** साल के सभी चौबीस एकादशियों में सबसे अधिक महत्वपूर्ण भीमसेनी एकादशी जो बिना पानी के व्रत को निर्जला व्रत कहते है। निर्जला एकादशी का उपवास किसी भी प्रकार के भोजन पानी के किया जाता है। उपवास के कठोर नियम होने के कारण सभी एकादशी व्रत सबसे कठिन होता है। पं किरण कुमार मिश्रा दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर पुजारी जांजगीर ने जानकारी दी की निर्जला व्रत को करते समय श्रद्धालू लोग फलाआहार ही नहीं पानी भी ग्रहण नहीं करते है, जो श्रद्धालु साल के चौबीस एकादशियों का उपवास करने में सक्षम नहीं है उन्हें केवल निर्जला एकादशी उपवास करना चाहिए क्योकि निर्जला एकादशी के उपवास करने से चौबीस एकादशी उपवास का फल मिल जाता हैं। निर्जला एकादशी का व्रत ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष के दौरान किया जाता है। कभी कभी भीमसेनी एकादशी लगातार दो दिन के लिए हो जाता है। 2024 के समान जब एकादशी व्रत दो दिन का होता है तब स्मार्तानाम परिवारजनों को पहले दिन का एकादशी व्रत को करना चाहिए, दुसरे दिन के एकादशी को वैष्णवनाम एंव दूजी एकादशी कहते है। इसे साधु, संन्यासियों, विधवाओं और मोक्ष प्राप्ति के इच्छुक श्रद्धालुओं को दूजी एकादशी का व्रत करना चाहिए।भगवान विष्णु जी का प्यार स्नेह प्राप्त करने के लिए दोनो दिन के एकादशी को करना चाहिए। कांशीविश्वनाथ पंच्चांगमतानुसार निर्जला एकादशी प्रारंभ 17 जून सोमवार को तड़के 4:45 बजे से प्रारंभ होकर 18 जून को तड़के 6:24 बजे समाप्त होगी।

### बोरदा-कामता के बीच रास्ते में गिरा बबूल का पेड़, राहगीर परेशान



**गोधना।** ग्राम बोरदा--कामता पहुंच मार्ग के बीच रास्ते में बबूल का पेड़ सुबह से गिरा पड़ा है जिससे राहगिरो को यात्रा करने में परेशानी हो रही है। विशेष कर चार पहिया वाले गाड़ी को सड़क से गुजरने में परेशानी हो रही है क्योंकि सड़क बहुत ही सकरा है और उसके बगल में बाबुल का पेड़ भी लगा हुआ है तथा सड़क का किनारा कीचड़ युक्त है। सुबह से शाम हो गया लेकिन अभी तक उस पेड़ को रास्ते से नहीं हटाया गया है।

### गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड से सम्मानित हुए तनौद के तिलक




**तनौद।** दुनिया के वृहद लिखित संविधान भारतीय संविधान को छंदो में ढालने के परिणामस्वरूप तिलक तनौदी स्वच्छंद दिल्ली के मंडी चौक स्थित हिंदी भवन में सम्मानीय अतिथियों के हाथों गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड से सम्मानित हुए। यह अनूठा कार्य त्रय सम्पादक ओमकार नाथ साहू मृदुल, सपना सक्सेना 'दत्ता' व मधु शंखधर 'स्वतंत्र' के कुशल नेतृत्व में सम्मानीय अतिथियों की गरिमामय उपस्थिति में 'छंदबद्ध भारतीय संविधान' पुस्तक का विमोचन सम्पन्न हुआ। इस पुस्तक में देश विभिन्न राज्यों के साथ विदेश के चार रचनाकार सहित 142 रचनाकार अपनी सहभागिता निभाए हैं जो देश के लगभग 142 करोड़ देश जनसंख्या को प्रतिनिधित्व करता है, जिसमें तनौद के तिलक भी का नाम भी शामिल है।

## पाइपलाइन बिछाने के लिए सड़क खोदकर भूल गए मरम्मत करना



**गोधना।** ग्राम कुरियारी में पाइप लाइन बिछाने के लिए सड़क खोद दिया गया है, लेकिन अब तक पाइप लाइन बिछी नहीं है। इधर ठेकेदार द्वारा सड़क खोदकर छोड़ दिए जाने से आवागमन करने वाले ग्रामीणों की परेशानी बढ़ गई है। ग्राम कुरियारी के गुड़ीपारा एवं महावीर मोहल्ला की गलियों की सड़कों को नल जल योजना के तहत पाइपलाइन बिछाने के लिए खोद दिया गया है लेकिन कार्य एजेंसी गलियों की सड़कों को उखाड़ के नौ दो ग्यारह हो गई है। इस गली में कब पाइपलाइन बिछेगा और कब इसका मरम्मत होगा इसकी जवाबदेही किसी के पास नहीं है। ग्रामीण भी परेशान है बरसात के दिनों में उखड़े हुए रास्तों से चलना खतरे से कम नहीं।

## युवक-युवतियों को सिखाए आत्मसुरक्षा के गुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

आल इण्डिया फूल कॉटेक्ट ऑल मार्शल आर्ट कराते फेड्रेशन द्वारा डेढ़ माह तक युवक व युवतियों को कराते का प्रशिक्षण दिया गया। युवतियों को प्राथमिकता के साथ प्रशिक्षण पूर्णतः निशुल्क था। जिसमें 64 युतियों व 16 लड़कों को प्रति दिन दो घंटा कड़ा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण पश्चात ग्रेडिंग करते हुए प्रमाण पत्र व बेल्ट प्रदान किये गये।

■ डेढ़ माह तक कराते प्रशिक्षण के बाद की गई ग्रेडिंग

यह मार्शल आर्ट कराते का प्रशिक्षण का आयोजन भालेराय मैदान में किया गया। निःशुल्क रूप आयोजित यह प्रशिक्षण 1 जून से शुरू होकर 15 जून तक चला। प्रति दिन सुबह 5 बजे ये 7 बजे तक मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण मार्शल आर्ट कराते के सिंहान राजेन्द्र वर्मा, 5 डाउन ब्लेक बेल्ट विनोद तिवारी के मार्ग दर्शन में महिला कराते प्रशिक्षक मंजू मानिकपुरी व अन्य ब्लेक बेल्ट प्रशिक्षकों द्वारा दिया गया। वैसे इस प्रशिक्षण कुल 104 युवक व युतियों भाग लिये, लेकिन नियमित रूप 64 युतियॉ व 16 लडकें ही शामिल हुए। डेढ़ माह के कड़े प्रशिक्षण के दौरान काता, सेल्फ डिफेन्स, लाठी चालन, लाठी चालन से आत्म रक्षा, नान-चाकू चालन सहित अनेक मार्शल आर्ट के गुर सिखाये गये। प्रशिक्षण पश्चात 15 जून की शाम को भालेराय मैदान में प्रमाण पत्र वितरण व ग्रेडिंग का आयोजन किया। नगर कराते के अध्यक्ष मनोज मित्तल, उपाध्यक्ष पुरूषोत्तम शर्मा व अन्य अतिथि डाक्टर अतुल राठौर, सुधा दास ,राज फुल्लर आदि के आतिथ्य में कार्यक्रम आयोजन किया गया। अतिथियों के सामने सभी प्रतिभागी युवक युतियों द्वारा मार्शल आर्ट का प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के अनुसार प्रतिभागियों की ग्रेडिंग करते हुए बेल्ट प्रदान किये गये साथ ही सभी प्रतिभागियों को अतिथियों के हाथों प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस दौरान टाईगर एकेडमी का भी गठन हुआ।


मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण प्राप्त करते युवक-युवती।

## एडवांस राशि के साथ देना होगा वाद व्यय व मानसिक क्षतिपूर्ति

**जांजगीर चांपा।** एडवांस लेकर सामान नहीं भेजने पर कंपनी को अब एडवांस में ली गई राशि 8 हजार रुपए वाद व्यय 1 हजार व मानसिक क्षतिपूर्ति की राशि 2 हजार रुपए मिलाकर ग्यारह हजार रुपए लौटाने का आदेश जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने कंपनी को दिया है। वीआईपी सिटी, जांजगीर निवासी अजय अग्रवाल ने दिल्ली की ग्लेडविन टीचजेन प्राइवेट लिमिटेड से प्लैटिनम सीरीज 7 आर आर आईएफपी 12 /4/32 जीबी खरीदने का सौदा किया। लेकिन कंपनी ने एडवांस राशि लेकर भी उक्त सामान नहीं दिया। कंपनी से कई बार संपर्क किया गया लेकिन कंपनी ने समान नहीं दिया । तब कंपनी के उपेक्षा पूर्ण व्यवहार से परेशान होकर उपभोक्ता ने जिला उपभोक्ता आयोग जांजगीर के समक्ष शिकायत प्रस्तुत किया । जिला उपभोक्ता आयोग जांजगीर के अध्यक्ष प्रशांत कुंडू , सदस्य विशाल तिवारी , सदस्य महिमा सिंह ने प्रस्तुत दस्तावेजों का सावधानी पूर्वक अध्ययन कर यह पाया कि कंपनी ने उपरोक्त सामान के लिए एडवांस राशि प्राप्त कर सामान नहीं देकर उपभोक्ता के प्रति सेवा में कमी की है। अतः कंपनी उपभोक्ता को एडवांस में ली गई राशि 8 हजार रुपए मासिक संताप के लिए 1 हजार तथा वाद व्यय का 2, हजार रुपए आदेश दिनांक से 45 दिनों के भीतर अदा करेगी। नियत अवधि में आदेशित राशि नहीं देने पर आदेश दिनांक से भुगतान तक आदेशित राशि पर 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज देगी ।

## नव निर्वाचित सांसद का आभार रैली में जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत

**सक्ती।** शनिवार 15 जून को शाम 6 बजे लोकसभा जांजगीर चांपा की नव निर्वाचित सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े की नगर वासियों का आभार प्रकट करने विजय जुलूस रैली भाजपा जिला कोषाध्यक्ष एवं विधानसभा संयोजक राम नरेश सिंह यादव के निवास स्थान नाका चौक पर निकली। वहां पर सभी कार्यकर्ता ने सांसद का भव्य स्वागत किया एवं सभी कार्यकर्ताओं की स्वल्पहार की व्यवस्था की गई। स्वागत पश्चात रैली का शुभारंभ किया गया। जगह-जगह पर संगठनों के द्वारा सांसद का भव्य स्वागत किया गया। मारवाड़ी युवा मंच द्वारा, सर्राफा व्यापारी संगठन के द्वारा नवधा चौक में सांसद का स्वागत किया गया एवं जल पान कराया गया। नाका चौक से प्रारंभ होकर नगर के अग्रसेन चौक, हॉस्पिटल रोड, बुधवारी बाजार, नवधा चौक होते हुए मंडल अध्यक्ष अनूप अग्रवाल के निवास पर समापन हुआ। रैली में भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्ण कांत चन्द्रा, राम अवतार अग्रवाल, मांगेराम अग्रवाल, अनूप अग्रवाल, टिकेश्वर गवेल,राम नरेश यादव, घनश्याम साहू, प्रेम पटेल, संतोष राठौर, अभिषेक शर्मा, दीपक ठाकुर, रंजन सिन्हा, धनंजय नामदेव, अमन डालमिया, अनिता गोपाल, पुष्पेनदी कसेरा, सुषमा, शालनी क्षत्रिय, रीता पटेल, दिल बाई, उदय वर्मा, सत्येन्द्र नाथ, रोशन राठौर, लाखन नामदेव, युवा मोर्चा सभी कार्यकर्ता, महिला मोर्चा, नागरिक उपस्थित थे ।

■ बारिश होने के बाद भी डटे रहे कार्यकता



नगरवासियों का अभिवादन स्वीकार करती सांसद कमलेश जांगड़े।

## समाज में शिक्षा, समरसता और बंधुत्व के संदेश वाहक हैं सहसराम देव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

गुरु सहसराम देव की 172 वीं जयंती जयंती सूर्यांश धाम खोखरा में मनाई गई। इस मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधितकरते हुए जांजगीर-चांपा विधायक ब्यास कश्यप ने कहा कि गुरु सहसराम देव समाज में शिक्षा, समरसता और बंधुत्व के संदेश वाहक हैं। उन्होंने कहा कि गुरु सहसराम देव जी ने शिक्षा के प्रचार-प्रसार के लिए जीवन भर कार्य किया। आजादी के पूर्व सामाजिक विषमता एवं विपरीत परिस्थितियों में भी उन्होंने सामाजिक समरसता एवं बंधुत्व लाने के लिए कार्य किया। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल मंचासीन थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ए.आर. सूर्यवंशी संरक्षक सूर्यांश शिक्षा उत्थान समिति ने किया एवं सभापति द्वय कुशल प्रसाद सूर्यवंशी और रामकुमार सूर्यवंशी मंचासीन थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में रमेश पैगवार, पुष्पा उमेश प्रधान, राम लखन सूर्यवंशी, बी. आर. सत्यार्थी, दुखुराम गोयल, अशोक सूर्यवंशी, राजेश ढोसले, अरमान खान, जितेंद्र दिनकर, विवेका गोपाल, देव कुमार गढ़वाल एवं शुक्ला प्रसाद सूर्यवंशी सहित सामाजिक पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम के संयोजक हरदेव टंडन ने किया एवं सह-संयोजक प्रो. गोवर्धन सूर्यवंशी ने आभार ज्ञापित किया।

■ शोभा यात्रा एवं कलश यात्रा के साथ संपन्न हुआ प्रतिभा सम्मान समारोह


प्रतिभागियों को सम्मानित करते अतिथि।

### डी.पी.एस. में 'माईक्रोसॉफ्ट कार्ट ब्लांच हाइब्रिड लर्निंग' का शुभारंभ

## बच्चों को डिजिटल माध्यम से शिक्षा प्रदान करना ज्यादा रूचिकर

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

दिल्ली पब्लिक स्कूल के प्रांगण में 15 जून को विद्यालय द्वारा अपने नवीनतम शिक्षण कार्यक्रम कार्ट ब्लाँच, हाइब्रिड लर्निंग का उद्घाटन विद्यालय के प्रथम स्वप्नदृष्टा संस्थापक स्व. रामगोपाल देवांगन के अवतरण दिवस व विद्यालय का स्थापना दिवस के अवसर पर किया गया। विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में निरन्तर बदलाव और नवाचार की दिशा में एक और कदम बढ़ाते हुए हाइब्रिड लर्निंग प्रोजेक्ट कार्ट ब्लांच के माध्यम से शिक्षा के नए मानदण्ड स्थापित किए हैं।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी अश्विनी भारद्वाज एवं विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती कल्पना सिंह रहे। मुख्य अतिथि डीईओ श्री भारद्वाज ने अपने उदबोधन में बताया कि प्राचीन काल में शिक्षा का मुख्य स्त्रोत पुस्तक तक ही केन्द्रित था, परंतु वर्तमान युग में शिक्षा स्त्रोत के अनेक विकल्प मौजूद है जिनमें प्रभावी विकल्प, तकनीकी शिक्षा है। उन्होंने आगे बताया कि आज के बच्चों को डिजिटल माध्यम से शिक्षा प्रदान करना ज्यादा रूचिकर एवं प्रभावी बनाता है, और बच्चे इससे बहुत कुछ सीखते भी हैं। इसलिए दिल्ली पब्लिक स्कूल में हाइब्रिड लर्निंग की शुरुआत होना बहुत ही सराहनीय कदम है। विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती कल्पना सिंह ने अपने उद्बोधन में बताया कि कार्ट ब्लांच प्रोजेक्ट के इस नई पहल का मुख्य उद्देश्य छात्रों को आधुनिक और प्रभावी शिक्षण के साथ जोड़ना है, जिससे बच्चे अपने शैक्षिक और व्यक्तिगत विकास को बेहतर बना सके। कार्ट ब्लांच हाइब्रिड लर्निंग मॉडल छात्रों को कक्षाकक्ष में ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही माध्यमो से सीखने-सिखाने का अनूठा अवसर प्रदान करता है। कार्ट ब्लाँच, हाइब्रिड लर्निंग, शिक्षण पद्धति में अत्याधुनिक तकनीक और डिजिटल उपकरण के माध्यम से शिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिससे छात्रों की सीखने की प्रक्रिया अधिक लचीली, प्रभावी और रुचिकर बनेगी। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह,शॉल एवं श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक लक्ष्मीनारायण मिश्रा एवं आभार शेखर चक्रवर्ती ने प्रस्तुत किया।


फीता काटकर माईक्रोसॉफ्ट कार्ट ब्लाँच हाइब्रिड लर्निंग का शुभारंभ करते डीईओ एवं अन्य।

## सीईओ ने तालाब गहरीकरण, आंगनबाड़ी केन्द्र एवं मनरेगा के कार्यों का किया निरीक्षण

**जांजगीर-चांपा।** जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल रावटे ने जनपद पंचायत पामगढ़ की विभिन्न ग्राम पंचायतों में आंगनबाड़ी केन्द्र एवं मनरेगा के कार्यों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ ने पामगढ़ परियोजना अंतर्गत पेण्ड्री आंगनबड़ी केन्द्र में उपस्थित बच्चों से आत्मीय बात-चीत की। उपस्थित कार्यकर्ता से जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत कार्यों का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने समय सीमा के भीतर सभी कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश फील्ड आफिसरों एवं तकनीकी सहायकों को दिए। जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री रावटे के द्वारा मेऊ, बारगाँव, कोसला, पेण्ड्री में चल रहे मनरेगा, अमृत सरोवर के कार्य, सचिव एवं स्व-सहायता समूह की महिलाओं से चर्चा कर कचरा कलेक्शन, ओडीएफ प्लस, मॉड्यूल गांव, यूजर्स चार्ज, मनरेगा में मजदूर बढ़ाने एवं हॉर्टिकल्चर के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

